आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 09.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- भारतीय वायुसेना का एक लड़ाकू विमान चूरू में दुर्घटनाग्रस्त–हादसे में दो लोगों की मौत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज नामीबिया पहुंचे–भारत और नामीबिया के बीच विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर।
- केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा–गुजरात और राजस्थान ऊंट पालकों के हितों के लिए मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर डीग में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे हैं।

चूरू में आज भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना राजलदेसर क्षेत्र में हुई। चूरू के पुलिस अधीक्षक जय यादव ने आकाशवाणी को बताया कि दो लोगों के जले हुए शव घटना स्थल से बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कोई भी स्थानीय नागरिक हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ये भारतीय वायुसेना का जगुआर विमान था, जिसने सूरतगढ वायुसेना स्टेशन उड़ान भरी थी। हादसे के बाद वायुसेना की ओर से कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है। हमारे चूरू संवाददाता ने बताया कि विमान के जमीन पर गिरते ही आग लग गई और उसके टुकड़े खेत में बिखर गये।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना के तुरंत बाद से प्रशासन अलर्ट मोड पर है और अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिये गये हैं।

हनुमानगढ़ जिले में आज भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा जिले के नगराना गांव के पास बजरी से भरे ट्रक के पीछे से रोडवेज बस के टकराने से हुआ। दुर्घटना में तीन यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 17 लोग घायल हो गये। हमारी संवाददाता ने बताया कि कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एडीएम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की हालत और चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी ली।

गुजरात के बड़ोदरा में एक पुल ढहने से नौ लोगों की मृत्यु हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। दुर्घटना आज सुबह पादरा के पास गंभीरा पुल का एक हिस्सा ढहने से हुई। प्रधानमंत्री ने जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबिया के राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी–नदैतवा के बीच नामीबिया की राजधानी विंडहोक के स्टेट हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए मौकों की तलाश कर दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य और चिकित्सा, वैश्विक जैव ईंधन, बुनियादी ढांचे की रूपरेखा और उद्यमिता के क्षेत्र में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।
प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नामीबिया के संस्थापक और प्रथम राष्ट्रपति डॉ. सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नामीबिया की संसद को संबोधित भी करेंगे। श्री मोदी की दक्षिण अफ्रीकी देश नामीबिया की यह पहली यात्रा है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित सहकार संवाद कार्यक्रम में राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की सहकारी समितियों से जुड़ी महिलाओं और अन्य कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान श्री शाह ने बताया कि चार आयुर्वेदिक कंपनियाँ ऊँट के दूध के औषधीय गुणों का परीक्षण कर रही हैं। इनमें से एक कंपनी ने यह काम पूरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि गुजरात और राजस्थान सरकार मिलकर योजना बना रही हैं, जिसके तहत ऊँट पालकों से दूध इकट्ठा कर उसके औषधीय गुणों का इस्तेमाल करते हुए ऊँट पालकों को अधिक फायदा दिलाया

जाएगा। श्री शाह ने यह भी कहा कि सहकारिता मंत्री के तौर पर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। इससे किसानों, गरीबों और पशुओं के लिए काम करने का मौका मिला है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा डीग और भरतपुर के प्रवास पर हैं। दो दिन की इस यात्रा पर अब से कुछ ही देर पहले श्री शर्मा पूंछरी का लोठा पहुंचे। उनका श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना कर सांस्कृतिक समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है। इस दौरान श्री शर्मा स्थानीय नागरिकों से संवाद भी करेंगे। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री कल भरतपुर में हनुमान मंदिर में होने वाले समारोह में हिस्सा लेंगे।

प्रदेश में 197 नये पशु चिकित्सा उपकेंद्र खोले जाएंगे। राज्य सरकार ने इसकी मंजूरी जारी कर दी है। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ आनंद सेजरा ने बताया कि 28 जिलों में खुलने वाले इन चिकित्सा केन्द्रों के लिए नए अतिरिक्त पद सृजित करने की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति भी जारी की गई है। इन उपकेंद्रों पर पशुधन निरीक्षक और पशु परिचर के 394 नए पदों पर भर्ती की जाएगी।

रणथम्भौर दुर्ग क्षेत्र में बाघ की आवाजाही लगातार बनी हुई है। इसे देखते हुए दुर्ग क्षेत्र में लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के रेंजर अश्वनी प्रताप सिंह ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में टाइगर टी–120, उर्फ 'गणेश' की मूवमेंट की पुष्टि हुई है। पिछले महीने भी दुर्ग क्षेत्र में टाइगर की मौजूदगी का पता चला था। इसके बाद इस महीने की शुरूआत से ही श्रद्धालुओं का दुर्ग में प्रवेश रोक दिया गया था। जिसे कुछ दिन बाद खोल दिया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से दुर्ग में प्रवेश बंद कर दिया गया है। रेंजर सिंह ने बताया कि जैसे ही टाइगर जंगल की ओर लौटेगा, दुर्ग में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

भीलवाड़ा जिले में जहाजपुर के इटुण्डा गांव के सरपंच और ईमित्र संचालक को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पंचायत कार्यालय परिसर में ही दोनों आरोपियों को एक ठेकेदार से 24 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। उन्होंने ये राशि ठेकेदार के बिल पास करने की एवज में ली थी।

प्रदेश में आज कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। चूरू और आस–पास के क्षेत्र में दोपहर बाद रिमझिम बारिश का दौर चला। उधर, श्रीगंगानगर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से भी अच्छी बरसात के समाचार हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बीते 24 घंटों में जोरदार बारिश के बाद कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बारिश हनुमानगढ में हुई। सीकर, सिरोही, बांसवाडा और झुंझुनूं जिले में कुछ स्थानों पर पानी बरसा। पूर्वी राजस्थान में कल से वहीं पश्चिमी राजस्थान में 12 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना है।

शिक्षा मंत्रालय कल से केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का सम्मेलन आयोजित कर रहा है। गुजरात के केवड़िया में इस दो दिन के सम्मेलन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भाग लेंगे। सम्मेलन में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच वर्षों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रमुखों संस्थाओं की उपलब्धियों और सामूहिक रूप से आगे बढने की दिशा पर मंथन करेंगे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा है कि देश में शैक्षणिक ज्ञान को सामाजिक कल्याण के साथ जोड़कर समाज की आकांक्षाएं और ऊर्जा आवश्यकताएं पूरा करने वाली स्मार्ट रणनीति बनाने की जरूरत है। श्री प्रधान ने आज नई दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में "भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा शिक्षाः अवसर और चुनौतियाँ" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने ने कहा कि भारत वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली ऊर्जा प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है, जहां प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत केवल एक–तिहाई है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऊर्जा शिक्षा के लिए एक भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाली अत्यंत आवश्यक पहल है। श्री प्रधान ने आशा व्यक्त की कि यह पहल ऊर्जा शिक्षा को समग्र शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ एकीकृत करने की एक लंबी यात्रा का आधार साबित होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला **मन की बात** मासिक कार्यक्रम 27 जुलाई को होगा। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर **1800–11–7800** पर दिया जा सकता है। वहीं **नरेंद्र मोदी एप** और **माय जीओवी ओपन फोरम** के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।